# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

अमर उजाला
रविवार • 12.07.2020

वेबिनार

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत आईआईटी रुड़की की ओर से वेबिनार का आयोजन

# स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से होगा गांवों का विकास : प्रो. परीदा

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुड़की।** उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईटी रुड़की की ओर से 'स्किल्स फॉर इंक्लूसिव एंड सस्टेनेबल ग्रोथ इन रूरल एरियाज' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।

आईआईटी रुड़की के उपनिदेशक प्रो. एम परीदा ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत गांवों का बेहतर विकास किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने दो गांवों को चयनित करके उसके विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है।



वेबिनार के आयोजक एवं क्षेत्रीय समन्वयक प्रो. आशीष पांडेय ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए ग्रामीण विकास के लिए गांव व शहर के बीच के अंतर को कम करने, गरीबी दूर करने और गांवों से शहरों की तरफ हो रहे पलायन को रोकने व स्थायी खेती उत्पादन के साथ-साथ सभी लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। डीन प्रो. मनीष श्रीखंडे ने कहा कि कोविड-19 के दौरान गांवों में वापस आने वाले प्रवासियों के लिए स्थानीय आधार पर कुटीर उद्योग व छोटे-छोटे स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। आजम अली खान ने कई स्टार्टअप के बारे में बताया, जिससे युवा अपना करियर शुरू कर सकते हैं।

दीनदयाल कौशल केंद्र रुद्रपुर से प्रो. हरनाम सिंह ने बताया कि 'दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना' के अंतर्गत निर्धन ग्रामीण युवाओं के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत कौशल प्रशिक्षण, आवासीय सुविधा, भोजन, ड्रेस एवं नियुक्ति के छह महीने तक एक हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाते हैं। प्रो. विवेक कुमार ने कारीगर आधारित ग्रामीण उद्योगों के सुदृढ़ीकरण पर अपना प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

## *बढ़ती जनसंख्या से ग्लोबल वार्मिंग को खतरा*

***हरिद्वार।*** *इनर व्हील क्लब अध्यक्ष विनीता गौनियाल ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या ग्लोबल वार्मिंग के लिए खतरा है। शनिवार को इनर व्हील क्लब हरिद्वार के बैनर तले जनसंख्या दिवस पर बेबिनार एवं ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। बेबीनार में बताया गया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। वक्ताओं ने कहा कि संसाधन तो सीमित ही रहेंगे लेकिन उनका उपभोग करने वाले बढ़ जाएंगे। इससे बड़े पैमाने पर भुखमरी का खतरा, जीवन की गुणवत्ता पर प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग और पृथ्वी की वहन क्षमता को पार करना कठिन ही नहीं असंभव है। स्लोगन प्रतियोगिता में क्लब से प्रतिभा राई, मोनिका अरोरा, प्रीति गुप्ता, गीता गौनियाल, कविता शर्मा, अमिता भार्गव, साक्षी गुप्ता, डॉक्टर मनु शिवपुरी ने पुरस्कार जीते।*